तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025

स्वामी आत्मानंद स्कूल बालोद में शाला प्रवेश उत्सव व ... 14



कुसुमकसा में जल जीवन मिशन योजना का पाइप ... 13





## खबर संक्षेप

### 2 को जिला स्तरीय परामर्शदात्री व पुनरीक्षण समिति की बैठक

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार 02 जुलाई संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय एवं तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### खाद्य विभाग ने बढ़ाई राशन वितरण की अंतिम तिथि

**बालोद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत समस्त राशनकार्डधारियों को 3 महीने का चावल एक साथ वितरण की तिथि में वृद्धि करते हुए उसे 1 सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि पूर्व में शासन द्वारा समस्त राशनकार्डधारियों को जून 2025 से अगस्त 2025 तक कुल 3 महीने का एक साथ चावल वितरण करने की अंतिम तिथि 30 जून तक निर्धारित की गई थी। जिसे राज्य शासन के द्वारा उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए 1 सप्ताह तक वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जून 2025 से अगस्त 2025 तक के कुल 3 माह का एक साथ चावल प्राप्त करने हेतु शेष रह गए सभी राशनकार्डधारी संबंधित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से 1 सप्ताह के भीतर एक साथ तीन माह का चावल प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 478 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से माह जून 2025 से अगस्त 2025 हेतु कुल 2,33,077 राशनकार्डधारियों हेतु खाद्यान्न आबंटित किया गया है। अब तक 2,22,136 हितग्राहियों के द्वारा राशन सामग्री प्राप्त किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 95.30 है। इसके साथ ही चावल के अतिरिक्त अन्य सामग्री शक्कर, नमक एवं अनुसूचित क्षेत्रें में चना प्रत्येक माह का पृथक–पृथक भंडारण किया जा रहा है। जिसे हितग्राहियों को 1–1 माह का उक्त सामग्री प्रदाय किया जा रहा है।

### सिकोसा बाजार बना अवैध शराब का अड्डा ग्रामीणों में आक्रोश

**गुण्डरदेही।** सिकोसा के बाजार चौक मे अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल–फूल रहा है। दिन हो या रात बाजार चौक के एक निश्चित स्थान पर आसानी से शराब मिल रहा है, इन अवैध शराब के कारण आसपास के माहौल खराब हो रहा है, आस पास के रहने वाले महिलाएं व बच्चे भी अवैध शराब बिक्री के कारण परेशान रहते है। ग्रामीण ने बताया की बाजार चौक मे एक व्यक्ति ही अवैध काम मे संलिप्त है, जिसके कारण सिकोसा ग्रामीण समाज भी नाराज है और इनके खिलाफ थाना पहुंचकर शिकायत करने की बात कही है।

### पुलिस ने दस साल पुराने वारंटी को पकड़ा

**भिलाई।** पुलिस ने अभियान चलाकर लंबित स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली के लिए 29-30 जून की दरम्यानी रात विशेष अभियान चलाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों की पतासाजी के लिए टीम बनाई गई। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि इसके लिए टीम गठित कर वारंटियों के सकुनत, संभावित जगहो पर दबिश दिया। अभियान के तहत कुल 167 वारंट को दुर्ग पुलिस द्वारा तमिल किया। अभियान के तहत वारंटियो का नाम सूचीबद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है। जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी, धरपकड की गई है। कार्रवाई में 10 वर्षो से फरार चल रहे वैशाली नगर के पुराने वारंटी को भी पकड़ा गया

# भर्रीटोला में स्कूल भवन निर्माण को लेकर तालाबंदी, ग्रामीणों व बच्चों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

डोंडी भर्रीटोला 36 में हायर सेकेंड्री स्कूल भवन की जर्जर स्थिति को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने स्कूल के गेट पर ताला लगाकर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बच्चों के साथ मिलकर अपनी मांग को लेकर प्रशासन पर जोर डाला। सूचना मिलते ही तहसीलदार देवेंद्र नेताम, बीईओ रोहित सिन्हा, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा मौके पर पहुंचे। तहसीलदार ने मोबाइल पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को घटना की जानकारी दी। कलेक्टर ने तुरंत तीन अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण की स्वीकृति फोन पर दी, लेकिन ग्रामीण पूरी नई हायर सेकेंड्री स्कूल बिल्डिंग की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच कई बार नोकझोंक भी हुई। करीब 12:30 बजे तहसीलदार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि छह माह के भीतर स्कूल भवन के लिए बजट में स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने ताला खोल दिया और बच्चों को स्कूल की लाइब्रेरी और प्रयोगशाला में क्लास लगाई गई।

**ये रहे उपस्थितः** इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रत्ना हिरवानी, पुनित सेन, अनिल सुथार, खुमान सिंह कोरेटी, सरपंच अमीना सलामे, उपसरपंच अंगेश्वर करपाल, ग्रामसभा अध्यक्ष जितेंद्र गवर्नर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामस्वरूप यादव सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## प्रशासन ने तीन कक्षाओं का प्रस्ताव रखा लेकिन ग्रामीणों ने की पूरी बिल्डिंग की मांग

### प्रशासन की भूमिका और भविष्य की योजना

तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने कहा कि पुरानी बिल्डिंग बच्चों के लिए खतरा है, इसलिए फिलहाल लाइब्रेरी और प्रयोगशाला में दो पालियों में क्लास लगाई जा रही है। नए स्कूल भवन निर्माण के लिए बजट प्रक्रिया में शामिल कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय सरपंच रेवा रावटे सहित अन्य गणमान्य लोगों ने प्रशासन से सहयोग का आग्रह किया है।



### ग्रामीणों की मांग और प्रशासन का रुख

ग्रामीणों ने स्कूल की जर्जर बिल्डिंग को लेकर वर्षों से परेशानी झेली है। तीन अतिरिक्त कमरे बनवाने के प्रशासन के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए उन्होंने पूरी नई बिल्डिंग बनाने की मांग की। यदि छह माह के भीतर स्वीकृति नहीं मिली तो उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

### सभापति तोमन साहू ने त्रुटियों के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# बालोद जिला पंचायत में शिक्षा स्थायी समिति की बैठक, युक्तियुक्तकरण की खामियों पर गहमागहमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षा स्थायी समिति जिला पंचायत की बैठक जिला पंचायत सभागार में सभापति शिक्षा स्थाई समिति तोमन साहू की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक मे युक्तियुक्तकरण मे की गई खामियो पर सभापति सहित सदस्य खासे नाराज रहे, सभापति ने समस्त त्रुटियो को तत्काल निराकृत करने एवं अभ्यावेदको को राहत पहुंचाने संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया।

बैठक में समिति सदस्य कांति सोनेश्वरी, सदस्य मीना उमाशंकर साहू, नीलिमा श्याम, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी. मरकले, समग्र शिक्षा के जिला अधिकारीगण, विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा डौण्डी व विकासखण्ड स्त्रेत समन्वयक उपस्थित हुए। सभापति तोमन साहू द्वारा शिक्षा विभाग के विभिन्न मुददे पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, जिसमें स्कूलों की कुल संख्या, वर्ष 2024–25 का परीक्षा परिणाम, जिले में कार्यरत शिक्षकों की सख्या तथा प्रधानमंत्री पोषण योजना, शाला प्रवेश उत्सव, पाठ्य पुस्तक वितरण, शालाओं में शिक्षकों की कमी एवं अधिकता, अति जर्जर हुए स्कूल भवनों की मरम्मत व भवन विहिन स्कूलों में नवीन भवन निर्माण, कार्यों में तेजी लाने तथा शिक्षा स्तर को उच्च बनाने की सु–ढ़ व्यवस्था बनाने पर विशेष ध्यान दिये जाने चर्चा कर आवश्यक जानकारी से सदन को अवगत किया गया। बैठक में विशेष रूप से शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के मामले पर गहमागमी बहस हुई है, जिसमें सदन ने जिले में हुई युक्तियुक्तकरण पर शासन के विभिन्न नियम विपरीत हुए त्रुटिपूर्ण कार्यवाही जिसका आवेदन सभापति को प्राप्त हुआ है, जिसे तत्काल निराकरण कर अभ्यावेदक को राहत पहुंचाने का आदेश दिया गया।

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में हुई अनियमितताओं पर सदस्य एवं सभापति ने जताई नाराजगी




### मुद्दों पर विस्तार से चर्चा

युक्तियुक्तकरण के विभिन्न विषयों पर क्रमशः चर्चा की गई जिसमें अतिशेष सूची एवं रिक्त स्थान का पूर्व प्रकाशन, वरिष्ठ शिक्षकों को नियम विरुद्ध अतिशेष निकलना, आत्मानंद, पीएम श्री विद्यालयों युक्ति युक्तिकरण मुक्त रखने आदेश की अवहेलना सम्मिलित है।

### युक्तियुक्तकरण में पाई गई खामियां और सुधार के निर्देश

सभापति ने पीड़ित शिक्षकों जिनका गलत तरीके से युक्तिकरण किया गया है ,उनका अभ्यावेदन लेकर सुधार करने का निर्देशित किया गया, इस अवसर पर शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी गण, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी उपस्थित थे।

# एएसआई भुआर्य को डीजीपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक धरम भुआर्य को पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम द्वारा केश रिवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

धरम भुआर्य ने 10 फरवरी से 15 फरवरी तक झारखंड के रांची में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 2रां रैंक हासिल की। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों की पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों ने हिस्सा लिया था। धरम भुआर्य ने विशेष रूप से 'सांइटिफिक एड टू इन्वेस्टीगेशन' के तहत बेहतर आब्जर्वेशन टेस्ट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके इस प्रदर्शन के कारण उन्हें सिल्वर मेडल के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक द्वारा 5000 रुपये नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस सम्मान से न केवल धरम भुआर्य बल्कि जिला बालोद की पुलिस भी गौरवान्वित हुई है। प्रतियोगिता की जानकारी 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता 10 से 15 फरवरी तक झारखंड के रांची में आयोजित हुई। ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ झारखंड रांची में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में धरम भुआर्य ने हासिल की

# आवारा मवेशियों से हो रही दुर्घटनाओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आवारा मवेशी की सुरक्षा एवं नागरिकों की जान सुरक्षित रखने सड़कों पर आवारा मवेशी की व्यवस्थापन हेतु जिम्मेदारी तय करने के संबंध में ग्राम फुण्डा अचौद निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र साहू ने कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन दिए और आवारा मवेशी की वजह से रोज हो रहे हैं, दुर्घटनाओं के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि बालोद जिले के सड़को पर रोज सुबह, शाम आवारा मवेशी का झुण्ड देखने को मिलता है। सड़क पर आवारा मवेशी के रहने से आम नागरिक को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। दुर्घटनाओं से न सिर्फ मवेशी चोटिल होते है, उसके साथ–साथ आम नागरिको को भी चोटिल होना पड़ता है। कभी–कभी दुर्घटना इतना खतरनाक होता है कि दुर्घटना स्थल पर ही आवारा मवेशी या आम नागरिको की मृत्यु भी हो जाता है।

आवारा मवेशी की व्यवस्थापन अब तक नहीं किया गया है। साहू ने निवेदन किया कि आवारा मवेशी की सुरक्षा एवं नागरिको की जान सुरक्षित रखने सड़को पर आवारा मवेशी की व्यवस्थापन हेतु जिम्मेदारी तय करने का कष्ट करें। कलेक्टर ने इस संबंध में बैठक होने की बात कहीं साथ ही गुंडरदेही एसडीएम को इस संबंध में योजना बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

■ कलेक्टर ने इस संबंध में बैठक में योजना बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिए

# डौंडीलोहारा में शिक्षक साझा मंच ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखंड डौंडीलोहारा के सैकड़ों शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश लेकर निम्नलिखित मांगों को लेकर ब्लॉक स्तरीय एक दिवस धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर, WA 261/2023 डबल बेंच के दिनांक 28 फरवरी 2024 को पारित निर्णय अनुसार सोना साहू, शिक्षक पंचायत/शिक्षक एलबी को पंचायत व शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान किया गया है।

इसी तर्ज पर, प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान हेतु जनरल आर्डर जारी किया जाए। शिक्षक एल.बी. संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन व अन्य लाभ प्रदान किए जाएं। पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता को शिथिल किया जाए। पूर्व की भांति शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति के लिए बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर, डी. एड. प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही, प्राचार्य के सीधी भर्ती के 10% पदों को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल भरा जाए।

■ क्रमोन्नत वेतनमान, युक्तियुक्तकरण और पदोन्नति में सुधार की मांग



### युक्तियुक्तकरण में हुईं है व्यापक विसंगतियां

वर्तमान में हुए युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां हैं, अतः दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इन व्यापक विसंगतियों को देखते हुए, दिनांक 02/08/2024 को जारी नियम के तहत हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाए। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरीत है। विद्यालयों में 31/03/2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप युक्तियुक्तकरण किया जाए। शिक्षकों ने इन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री महोदय छ.ग. शासन रायपुर, श्रीमान शिक्षा सचिव महोदय छ.ग. शासन रायपुर, श्रीमान संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौंडीलोहारा को ज्ञापन सौंपा गया।

**ये रहे उपस्थितः** धरना प्रदर्शन में ब्लाक संचालक अनिल दिल्लीवार, अविनाश कुमार साहू, राजेश यादव, जिला पदाधिकारी संतोष देवांगन, बृजमोहन मानिकपुरी, विजय कुमार पटेल, शिवेंद्र बहादुर साहू, मोहित भोसार्य, नरेंद्र साहू, ओमप्रकाश पाथरे, परमानंद साहू, राकेश कुमार कोठारी, चक्रधर साहू, टी डी साहू, अमित सिन्हा, खेमंत साहू, मनीष देशमुख, डुप्ले साहू, हेमंत साहू, श्रीमती धनेश्वरी सोनवानी, सातो धनकर, पोमेश्वरी ठाकुर, हर्षा देवांगन, कुमार संभव देवांगन, निर्मल दुबे, दीपक बड़तिया,गणेश बेलचंदन एवं ब्लॉक स्तर के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्राम सभाओं के लिए वन संसाधन आयोजन का प्रपत्र सभी राज्यों को भेजा गया

# वन विभाग द्वारा वनाधिकार कानून के उल्लंघन के प्रयास का विरोध, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महाग्राम सभा मण्डल मंगचुवा द्वारा प्रदेश में वनाधिकार कानून के उचित व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कि अवमानना कर नोडल बनने के वन विभाग के आदेश पर तत्काल मुख्यमंत्री के दखन देने की मांग करते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में और विशेष कर सामूहिक संसाधन अधिकार मान्य करने मे देश मे सर्वोच्च स्थान पर है। परंतु विगत वर्ष से इसकी प्रगति नगण्य हो चुकी है। उल्टे कानून के उल्लंघन के कई प्रयास किये जा रहे है। हाल ही मे वन विभाग द्वारा स्वयं को इस कानून की नोडल एजेंसी बनाने के कुत्सीत प्रयास इसका उदाहरण है। प्रदेश में तकरीबन बारह हजार आदिवासी बाहुल्य गांव प्रत्यक्ष रूप से जंगल पर अपनी अजीविका व सामाजिक, सांस्कृतिक पहचान के लिए आश्रित है। मध्य भारत मे जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से निपटने मे प्रदेश के वन एक महत्वपूर्ण कारक है। ऐसे में उनके सवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन में वन निर्भर समुदायों की भूमिका सुदृढ़ करना बहुत आवश्यक है। अनाधिकार मान्यता कानून के जरिये सामुदायिक वन संसाधन अधिकारो को मान्यता, मान्यता बाद की सशक्तिकरण प्रक्रियाएं एवं इस हेतु सामाजिक संगठन, संस्थाओ से परामर्श की जरूरत है। ज्ञापन मे कहा गया है कि जिसमे वन विभाग द्वारा 15 मई को जारी वन अधिकार का नोडल बनने संबंधित पत्र, वनाधिकार कानून का खुला उल्लंघन करते हुए आदिवासी विकास विभाग के विधि सम्मत अधिकार क्षेत्र पर सीधा अतिक्रमण करता है। इस पत्र के जरिए वन विभाग ग्राम सभाओं व उनकी प्रबंधन समितिओं द्वारा तैयार किसी भी प्रबंधन योजना को लागू करने पर रोक ▶▶| शेष पेज 12 पर



# कामता प्रसाद साहू तीन जुलाई को करेंगे 50 किलोमीटर मैराथन दौड़

### स्वास्थ्य का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम कसौंदा के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कामता प्रसाद साहू के 3 जुलाई को अपने 50 वे जन्मदिन को यादगार बनाने वे 50 किलोमीटर का लगातार मैराथन दौड़ करेगे, यह दौड़ अपने गांव कसौदा से भगवान बजरंगबली की पुजा अर्चना कर प्रारंभ करेगे, जो जिला कलेक्टर परिसर बालोद पहुंचकर समापन करेंगे। वे इस दिन अपने गांव कसौंदा से सुबह 5 बजे दौड़ प्रारंभ कर 10.30 बजे कलेक्टर आफिस पहुंचेगे। कामता प्रसाद साहू ने हरिभुभि को बताया कि मै पुरी तरह से स्वस्थ हू और ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ कसौंदा से प्रारंभ होगी दौड़, जिला कलेक्टर कार्यालय बालोद में होगी समापन



### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी का गौरव

बता दें कि कामता प्रसाद साहू उतर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, देहरादून, आयोध्या, मुबई के साथ नेपाल जैसे देश मे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रदर्शन कर प्रथम व दुसरा स्थान प्राप्त कर राज्य व क्षेत्र का नाम रौशन कर चुका है। इधर इस दौड मे किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसलिए जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू ने दौड के लिए एक साइड रोड़ क्लीयर करने व आवश्यक स्टाफ उपलब्ध कराने एमडीएम गुण्डरदेही को ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की आगामी बैठक दिनांक 5 जुलाई दिन शनिवार, समय दोपहर 12 बजे से नये पेंशनर भवन डौंडीलोहारा में आयोजित की गई है। इस बैठक में केंद्र सरकार के पेंशनरों को आठवाँ वेतनमान का लाभ नहीं मिलने वाले पेंशनरों को रिटर्न फॉर्म भरवाया जाना है, जिसके लिए पैन कार्ड, आधार कार्ड और पासबुक की फोटो प्रति के साथ आवें। जिला द्वारा 8वाँ वेतनमान के ज्ञापन एवं प्रांतीय बैठक रायपुर में ज्ञापन जमा किये हैं, उसकी जानकारी दी जावेगी। साथ ही आय-व्यय का हिसाब, बालोद जिला सदस्यता एवं तहसील डौंडीलोहारा की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया जायेगा। उक्त बैठक में नये पेंशनर सदस्यों का सम्मान किया जायेगा। सियाराम शार्वा, अध्यक्ष पेंशनर समाज डौंडीलोहारा ने जानकारी देते हुए आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### वृंदानगर स्कूल में प्रतिभावान सम्मानित



**भिलाई।** हायर सेकंडरी स्कूल वृंदानगर में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं के स्वागतार्थ प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में पार्षद संजय सिंह, शाला विकास समिति अध्यक्ष शंभूनाथ कुशवाहा मुख्य रूप से शामिल हुए। प्राचार्य सुचिता मुखर्जी ने स्कूल गतिविधियों की जानकारी दी। संजय सिंह व शंभुनाथ कुशवाहा ने शिक्षा व अनुशासन के महत्व को विद्यार्थियो को बताया। शिक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक शाला स्टील नगर के बच्चों द्वारा बालगीत की प्रस्तुति दी गई। शाला के प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर अनुज यादव, वर्णाली भौमिक, सुनील कुमार झा, शेखर कुमार सिंह, लीलावती, कल्पना चंद्राकर, दीना टांक सहित अन्य मौजूद थे।

### वृद्धाश्रम में फल व अन्य सामग्री का वितरण

**दुर्ग।** समाज सेविका नीलू सजंय सिंह द्वारा वृद्धाश्रम पुलगांव स्थित बाल गृह का दौरा किया। इस दौरान वृद्धों के बीच फल व खाने-पीने की सामग्री वितरित किया। समाज सेविका श्रीमती सिंह ने बताया कि पूरे साल हर मौसम में बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखने और उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लेने वृद्धाश्रम का दौरा करते है। उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह वृद्धाश्रम जा कर उनकी बरसात में जरूरतमंद समाग्री एवं खानें की समाग्री देते है। आश्रम के सभी बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्यों से अवगत होते है। जिला अस्पताल सहित अन्य स्थानों में जाकर असहाय लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य जरूरतमंदों के बीच राहत पहुंचाना है। समाज सेवी श्रीमती नीलू संजय सिंह ने बताया कि बुजुर्गों का सेवा पुनीत का काम है।

---

बैठक

**सड़क दुर्घटना रोकथाम के उपायों की समीक्षा**

# कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा और विभागीय अनुशासन पर कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर बालोद जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के द्वारा सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु की जा रही उपायों के संबंध में भी जानकारी ली।

■ बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को पेट्रोल न देने के निर्देश

मिश्रा ने जिला खाद्य अधिकारी को पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल खरीदी हेतु आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को किसी भी स्थिति में पेट्रोल नही देने के संबंध में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को दोपहिया वाहनों में ट्रिपल सवारी करने वालों तथा माल वाहकों में सवारी ले जाने वाले वाहनों एवं वाहन चालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने राजस्व, पुलिस एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को चौक-चौराहों एवं सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु मवेशियों को हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की सुबह 10 बजे कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शाम 05.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि वे स्वयं संयुक्त जिला कार्यालय एवं जिले के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं में लगे बायोमेट्रिक मशीन का समय-समय पर जाँच भी करेंगे। उन्होंने समय पर तथा निर्धारित समयावधि तक अपने कार्यालय में उपस्थित नही होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में कलेक्टर ने —षि विभाग के उपसंचालक से मौजूदा खरीफ सीजन के मद्देनजर जिले में खाद, बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने —षि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से किसानों को निर्धारित एवं वाजिब दाम पर ही खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इसके लिए उन्होंने —षि, राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम गठित कर जिले में खाद, बीज दुकानों का नियमित रूप से जाँच करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि खाद, बीज की कालाबाजारी पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणा कार्य के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद में नालंदा परिसर एवं सेंट्रल लाईब्रेरी के निर्माण हेतु टेंडर के प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जिला मुख्यालय बालोद से गुजरने वाली सड़क में डिवाईडर निर्माण के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने शाला भवनों की स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर भवनों में बच्चों की क्लास नही लगाई जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

आयोजित बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बालोद जिले से अन्यत्र स्थानों में स्थानांतरित होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नवीन पदस्थापना के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि हमारे अधिकारी-कर्मचारियों के कर्मठता एवं कार्यकुशलता के फलस्वरूप भी हमारा बालोद जिला जल जतन अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के अलावा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सफलता हासिल की है।

### जनदर्शन बना राहत का माध्यम, कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम आतरगांव निवासी नरेश कुमार ने अपने गांव में आबादी भूमि प्रदान करने की मांग की। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम रेवतीनवागावं के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला रेवतीनवागांव के प्रधानपाठक द्वारा लगातार अपने कार्यों में लापरवाही बरते



जाने पर उन्हें प्राथमिक शाला रेवतीनवागांव से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच द्वारा अपने गांव में आवागमन के लिए सड़क निर्माण तथा नदी में ऐनीकट निर्माण करने की मांग की। ग्राम पंचायत मंगचुवा के सरपंच द्वारा अपने गांव के स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षक नियुक्त करने की मांग की। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएः कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज अपर कलेटक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा, नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

---




# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जन जागरूकता रैली निकाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर रैली निकाली गई एवं ड्राइंग कंपटीशन एवं स्लोगन कंपटीशन का आयोजन किया गया। जूनियर रेड क्रॉस, स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी के छात्र-छात्रओं ने नशे के दुष्परिणामों से बचाने के लिए जन जागरूकता रैली के माध्यम से नारे लगाते हुए लोगों से अपील की।

संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि नशा मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार का सहयोग अधिक महत्वपूर्ण होता है, हमें समाज की इस बुराई के खिलाफ एकजुट होकर प्रयास करना होगा। नशा मुक्त समाज न केवल स्वस्थ व्यक्ति बल्कि सशक्त नागरिक का निर्माण करता है, हमें इस दिशा में जागरूकता फैला कर बच्चों को रचनात्मक गतिविधि से जोड़ना होगा ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके, नशे के सेवन से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है, प्राचार्य ने छात्र-छात्रओं को नशा मुक्त रहने हेतु संकल्प दिलाया। कि नशे की आदत आज देश की गंभीर चुनौती है, खासकर स्कूली बच्चों को नशे से मुक्त करने के लिए हम प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल परिवार, समुदाय, मित्र बल्कि स्वयं को भी हमेशा नशे से मुक्त रखेंगे।

प्रभारी शिक्षक भागवत साहू ने कहा कि नशीली पदार्थ एवं मादक द्रव्यों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण रैली में स्टाफ शिक्षक आरएस देशमुख, एसआर चुरेंद्र, आरएल गोटामे, हरिश्चंद्र पटेल, डीपी सिंन्हा, वंदना शर्मा, नीलम पांडे, हेमु साहू, कुमुदिनी साहू, वेद प्रकाश देवांगन, रोमेंद्र देवांगन ने सक्रियता पूर्वक छात्र-छात्रओं के साथ भाग लिया।

---

# बैंक के नोटिस से परेशान अण्डा के किसान करेंगे सोसायटी का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सात साल बाद किसानों को अंडा ब्रांच के अधीन आने वाले सोसायटियों के किसानों को नोटिस जारी किए जाने से किसान परेशान हो गए है। किसानों का कहना है कि कर्ज की राशि जमा करने के बाद भी नोटिस दिया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि बैंक के अधिकारियों द्वारा की गई गडबडी के चलते किसानों को नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। जिले लेकर आक्रोशित किसानों ने एक जुलाई को अंडा सोसायटी का घेराव किए जाने का ऐलान कर दिया है।

■ वर्ष 2018-19 के खाते का हवाला देकर भेज रहे नोटिस

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अण्डा में किसानों द्वारा अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर घेराव एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह आंदोलन किसानों की उपेक्षा और बैंक की लापरवाही के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि, कर्ज चुकता करने के बावजूद बैंक द्वारा उन्हें डीएमआर खाते में कर्जदार दर्शाया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। यह किसानों के साथ धोखाधड़ी है और इसकी जांच होनी चाहिए।

#### नहीं मिल रहा किसानों को कर्जा

अंडा के किसानो ने बताया कि, पुराना कर्ज बकाया होने की बात कहकर उन्हें बैंक द्वारा नया कर्ज नही दिया जा रहा है। जिससे किसान नगदी राशि और खाद नही मिलने से परेशान है। किसानों ने बताया प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# लीज नवीनीकरण के मामले में शासन करे हस्तक्षेप : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



टाउनशिप क्षेत्र की सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा लंबे समय से लीज नवीनीकरण और अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत की जा रही है।

■ धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक संगठनों की मांग सांसद ने पहुंचाया शासन तक

इसे लेकर प्रतिनिधि मंडल सांसद विजय बघेल से मिला था। सांसद ने उन्हें इस विषय को लेकर शासन को अवगत कराए जाने की बात कही थी। इसे लेकर सांसद ने राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा एवं राजस्व सचिव अविनाश चंपावत के कार्यालय में अलग-अलग मुलाकात की।

बघेल ने शहरवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन से हस्तक्षेप करने और इस प्रक्रिया के निराकरण में सहयोग की अपील की। लंबी चर्चा के बाद इस प्रकरण में रुचि लेते हुए शहर के नागरिकों की भावनाओं को समझते हुए कार्य करने का वादा किया। बघेल ने लीज नवीनीकरण प्रक्रिया में प्रभावित परिवारों के प्रति शासन से गंभीरता पूर्वक विचार करने और केंद्र शासन का ध्यान उपरोक्त विषय पर आकर्षित करने का आग्रह भी किया। इस दौरान स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, पीयूष जैन, अधिवक्ता हिमांशु चौबे मौजूद थे। बघेल ने भिलाई इस्पात संयंत्र की एक पक्षीय कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर प्रभावित पक्षों के साथ वे खड़े हैं।

### समय पर नहीं मिलता पेयजल, पार्षद ने दी आंदोलन की चेतावनी

**भिलाई।** संतोषी पारा केम्प 2 भिलाई वार्ड क्रमांक 33 में समय पर नल नहीं खुल रहा है। जिसकी वजह से लोगों को पानी लेने में दिक्कतें आ रही है। पार्षद एन शैलेजा ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है अन्यथा निगम कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। पार्षद शैलेजा ने कहा है कि पटरी इस पार श्रमिक बस्ती के लोगों की समस्याओं को देखते हुये नल खोलने का समय सुबह 6:30 बजे एवं शाम 6:30 बजे रखा जाए ताकि सभी लोग अपने कार्य में जाने से पूर्व पानी भर सकें या बचे हुये लोग शाम के समय अपना पानी भर सकें।

### सीए ब्रांच ने समाज और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का दिया संदेश

**भिलाई।** भिलाई सीए ब्रांच द्वारा अपनी रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय विशेष आयोजन पंचविषम सिल्वर स्पेक्ट्रम के तीसरे दिन वॉक फॉर नेशन एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पदयात्रा से हुई, जिसमें सीए सदस्यों ने वॉक फॉर नेशन के माध्यम से पूरे सिविक सेंटर क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति संकल्प का संदेश दिया।

## पेज 11 के शेष

### एएसआई भुआर्य को ...

इस प्रतियोगिता में देश भर की पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने हिस्सा लिया। इसमें अपराध अनुसंधान, विवेचना कार्य और अन्य संबंधित परीक्षण शामिल थे। धरम भुआर्य का प्रदर्शन धरम भुआर्य ने 'सांइटिफिक एड टू इन्वेस्टीगेशन' में भाग लेते हुए बेहतर आब्जर्वेशन टेस्ट में ऑल इंडिया में दूसरी रैंक हासिल की। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें पुलिस महानिदेशक से नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### वन विभाग द्वारा वनाधिकार ..

लगाने की कोशिश कर रहा है। यह प्रावधान वन अधिकार कानून की मूल भावना समुदाय आधारित वन प्रसाधन को नष्ट करने का प्रयास है। ज्ञापन मे कहा गया है कि विभाग का यह कहना है कि आदिवासी मंत्रालय से प्रबंधन आयोजन के लिए प्रपत्र नही आने से विभाग अपने वर्किंग प्लान आधारित प्रबंधन योजना लागू करेगा। जबकि केन्द्र की प्रधानमंत्री धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्श अभियान के तहत जारी दिशा निर्देश मे ग्राम सभाओं के लिए वन संसाधन आयोजन का प्रपत्र सभी राज्यो को भेजा गया है।

### कामता प्रसाद साहू तीन ...

इस उम्र मे दौड़ने की इच्छा रखता हू एवं लोगो को संदेश देना चाहता हू कि योग, नियमित व्यायाम व दौड़ने से शरीर स्वस्थ रहता है।

### अंतर्राष्ट्रीय ...

ज्ञापन सौंपा। यह दौड़ कसौंदा से निकालकर गुण्डरदेही, सिकोसा, लाटाबोड़, झलमला होते हुए कलेक्टर आफिस पहुंचेगी जो 5 घंटे मे 50 किलोमीटर दुरी तय करेंगे।

---

**शासकीय उ.मा. विद्यालय भाठागांव आर में उत्सवपूर्वक मनाया गया 'प्रवेश उत्सव'**

# शिक्षा को समर्पित हुआ 'प्रवेश उत्सव', बच्चों का तिलक कर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति केके. साहू, जिला पंचायत सदस्य बालोद कांति सोनेश्वरी, जनपद पंचायत कौशल किशोर साहू, सरपंच रूपेश कुमार यादव एवं प्राचार्य शेष नारायण वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अतिथियों ने कक्षा पहली, छठवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं के नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत चंदन लगाकर किया फिर पुस्तक और गणवेश बांटकर मुंह मीठा कराया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केके साहू ने कहा कि प्रवेश उत्सव 16 जून से पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यालयों में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उत्सव का उद्देश्य न केवल बच्चों को स्कूलों की ओर आकर्षित करना है बल्कि शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने और शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना भी है। जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी ने कहा कि प्रवेश उत्सव को शिक्षा के क्षेत्र में जनांदोलन का रुप देने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनपद पंचायत सदस्य कौशल किशोर साहू ने कहा कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। सरपंच रुपेश कुमार यादव ने कहा शाला प्रवेश उत्सव छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने का प्रयास है। इस आयोजन से सरकार का लक्ष्य है कि हर बच्चा स्कूल पहुंचे और कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए स्कूल का दरवाजा खोलेगा, बल्कि सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देगा।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यगण भानु साहू, योगेश शर्मा, दुष्यंत कुमार साहू, मयाराम देवांगन, भुवनेश्वर कतलम, परमानंद साहू, आशिष साहू, केआर नागवंशी, जयंती देवांगन, अरूणा ठाकुर, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय भाठागांव विनोद नेताम, प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय भाठागांव अरुण कुमार ठाकुर, व्याख्यातागण गजेन्द्र यदु, खेमराज साहू, सुमन तिवारी, प्रमोद कुमार देशमुख, जीएफ तिग्गा, डीलेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, रंजना सिंह, नारायणी जगत, भद्रशीला देशमुख, शीतल बनसोड, कौशिल्या देवांगन, नीलम सिंह, चित्रकांत साहू, मनीष सोनी, सहित समस्त स्टाफ और नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीएल देशमुख व आभार चंद्रशेखर तिवारी ने किया।

## बिजनेस साइड

# भारत व मारुति नर्सिंग कॉलेज ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग और मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज द्वारा 1 जुलाई को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों कॉलेज के छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों को सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ भेंट किए और उनके अमूल्य योगदान के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर कॉलेज के द्वारा डॉ आर के श्रीमाली सर सिविल सर्जन जिला बालोद और डॉ एम के सूर्यवंशी सर, सी एम ओ बालोद तथा अन्य प्राइवेट संस्थान ज्योति हॉस्पिटल दल्लीराजहरा, शहीद हॉस्पिटल दल्लीराजहरा, पुष्पा हॉस्पिटल दल्लीराजहरा तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलकसा के सम्माननीय डॉक्टर्स को सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ भेंट कर चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों के समर्पण, सेवा भावना और कठिन परिश्रम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि डॉक्टर न केवल हमारे जीवन रक्षक हैं, बल्कि वे समाज में आशा और विश्वास के प्रतीक भी हैं। पूरे कार्यक्रम में भावनात्मक माहौल देखने को मिला और सभी डॉक्टरों ने इस सम्मान के लिए दोनों नर्सिंग कॉलेज का धन्यवाद किया।

# बालोद में सघन वृक्षारोपण की बड़ी तैयारी, प्रशासन और समाजसेवी एकजुट

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक, संस्थाओं से मांगी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- विभागों को मिला पौधरोपण का लक्ष्य, रखरखाव पर भी रहेगा जोर

बालोद जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, समाज सेवियों, स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों, गणमान्य जनों तथा पूरे जिलेवासियों से बालोद जिले में सघन वृक्षारोपण कर बालोद जिले को हरियाली से युक्त हरा-भरा जिला बनाने तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पूनीत कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। बैठक में पद्मश्री शमशाद बेगम, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. पदम जैन के अलावा राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा शासकीय एवं निजी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### बैठक में ली गई जानकारी

बैठक में कलेक्टर ने विभागवार पौधरोपण हेतु निर्धारित किए गए कुल लक्ष्य के संबंध में विभाग प्रमुखों से बारी-बारी से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से पौधों की उपलब्धता एवं वितरण की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में जल संसाधन, लोक निर्माण, शिक्षा, आदिम जाति, ग्रामीण विकास विभाग आदि विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत पौधरोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के संबंध में जानकारी दी। बैठक में पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. पदम जैन ने पौधरोपण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं तथा उनकी रखरखाव एवं उनके समुचित उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

---

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान खुलने से खुरसुनी नर्सरी में लगने लगी शराबियों की महफिल

**बालोद/निकुम।** अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहंदीपाठ में शराब दुकान खुलने से मदिरा प्रेमियों की बल्ले बल्ले हो गई हैं, वही सूर्योदय होते क्षेत्र के गांव खुरसुनी देवरी द गोडेला, खुरसुल पार सहित शराब कोचियों द्वारा बेधड़क सुबह से लेकर देर रात तक बाइक से शराब आसानी से लेकर सुबह बेचकर चांदी काट रहे है। क्षेत्र में शराबी शाम ढलते ही सड़क किनारे पुल पुलिया सहित ख़ुरसुनी नर्सरी में शराबियों की महफिल सजती है, वही बढ़ बोले शराबी बढ़ बढ़ाते है, पुलिस विभाग कुंभ करणीय नीद व उदासीनत के कारण शराबियों की हौसले परवान चढ़ रहे, गौर हो नर्सरी से चंद कदम की दूरी पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खुरसुनी में सैकड़ो बच्चे पढ़ते हैं। वहीं शराबियों के रवैया कारण स्कूल बच्चों में दहशत का माहौल रहता है, शराबी जगह खाली शीशी तोड़ फोड़ कर बिखेर देते है जिससे छात्र छात्राओं को परेशानी होती है, गौर हो ग्राम पंचायत खुरसुनी के सरपंच योगेश्वर साहू ने नर्सरी में माहौल बिगड़ते देखकर अवैध दुकानों पर तोड़फोड़ की कारवाई किया, ताकि गांव में शांति व्यवस्था सुधरे, वही योगेश्वर साहू ने कहा की समय रहते अर्जुनदा पुलिस सख्त कार्रवाई कर खुले में शराब पीने वालों पर अभियान चलाए।

### महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 राष्ट्रीय शिक्षा नीति इनईपी 2020 के तहत स्नातक स्तर के (बीए, बीकॉम, एवं बीएससी (बायो, माइक्रो एवं गणित) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु द्वितीय मेरिट सूची दिनांक 1 जुलाई को जारी की गई है। प्रवेश की अंतिम तिथि 07 जुलाई तक 10:30 बजे से 5 बजे तक अनिवार्य रूप से आवश्यक शुल्क के साथ कार्यालय में जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। ऑनलाईन दिनांक 30 जून तक प्राप्त आवेदनों की द्वितीय मेरिट सूची जारी की गई है। जिनकी सूची महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई हैं, एवं महाविद्यालय के वेबसाइटपर अपलोड की गई हैं।

## निधन

### चन्द्रहास उईके



**गुरूर।** ग्राम भेजा मैदानी निवासी चन्द्रहास उईके का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे तेजराम, बेदराम के पिता व रूखमणी उईके, मालती उईके के ससुर थे।

### रामदुलारी सुधाकर



**बालोद/निकुम।** निकुम भाटापारा निवासी 80 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षिका रामदुलारी सुधाकर का निधन हो गया है, वह ग्राम के वरिष्ठ व सेवानिवृत्ति शिक्षक पुहुप सिंह सुधाकर की पत्नी और शिक्षक दुष्यंत सुधाकर व तुलसी सुधाकर की मां थीं। अंतिम संस्कार गृह ग्राम निकुम मुक्ति धाम में किया गया, जिसमें होमत सुधाकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन रहे।

न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक/ /प्र.तह./2025
गुरुर दिनांक 19/06/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी बोरीदकला प.ह.नं. 27 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरोत्तम आ. रूपराम जाति गोड़ निवासी बोरीदकला तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता प्यारीबाई आ. पति स्व. रूपराम की मृत्यु दिनांक 04/03/2015 को ग्राम बोरीदकला में हुई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावें।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 08/07/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरूर

---

### दल्ली राजहरा से जोड़े गए हल्का नंबर 14 से 19, प्रशासनिक फैसले पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# पटवारी हल्का हटाने से किसान आक्रोशित, डौंडी में ही रखने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- बस सुविधा नहीं, किसान बोले- डौंडी ही है उपयुक्त, नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन



डौंडी क्षेत्र के किसानों में प्रशासन के एक फैसले को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। पटवारी हल्का नंबर 14, 15, 16, 17, 18 और 19 को डौंडी से हटाकर दल्ली राजहरा में जोड़ दिए जाने के निर्णय से क्षेत्र के ग्रामीण किसान आक्रोशित हैं। इस फैसले के विरोध में किसानों ने डौंडी तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार देवेंद्र नेताम को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की कि उक्त सभी हल्कों को पुनः डौंडी तहसील में जोड़ा जाए।

किसानों का कहना है कि जब डौंडी को पूर्ण तहसील और अब अनुभाग का दर्जा मिल चुका है, तब पटवारी हल्कों को दल्ली राजहरा जैसे स्थान से क्यों जोड़ा गया, जो राजस्व रिकॉर्ड में भी स्पष्ट रूप से उल्लेखित नहीं है। जबकि डौंडी में जनपद कार्यालय, सहकारी बैंक, थाना, उच्च शिक्षा संस्थान जैसे सभी आवश्यक प्रशासनिक और सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जहां किसान रोजमर्रा के कार्यों से आते-जाते हैं।

**डौंडी है सुविधाओं का केंद्र :** डौडी आने जाने के लिए बस सुविधा है जिसके कारण कभी भी आसानी से डौंडी आना-जाना हो सकता है दल्ली राजहरा के लिए कोई सीधी बस सुविधा नहीं है किसानों का कहना है आखिर आदिवासी ब्लॉक के लोगो से इस तरह का छल क्यों किया जाता है जब डौंडि पूर्ण तहसील का दर्जा प्राप्त है व अब तो अनुभाग का दर्जा भी है तो अधिकारी अपनी सहूलियत के लिए दल्ली राजहरा को उप तहसील बना दिए जबकि रिकॉर्ड के अनुसार सभी कार्य डौंडि में ही होना चाहिए। अतःक्षेत्र के किसान एसडीएम के नाम तहसीलदार देवेंद्र नेताम को ज्ञापन सौंप कर मांग किए हैं की पटवारी हल्का नंबर 14 से 19 तक को डौंडी तहसील में ही रखा जावे इस संबंध में भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत,डौंडी ने कहा कि प्रशासन को किसानों की चिंता नहीं है।

### भटक रहे किसान, आंदोलन की चेतावनी

मथेना आमाडूला क्षेत्र के किसानों को दल्ली राजहरा जाने के लिए डौंडी को पार कर ही जाना आना हो रहा है इससे धन और समय अधिक लग रहा है ,आज किसान खाद और बीज के लिए भटक रहे है शासन प्रशासन मौन है पूर्व में एसडीएम को मुख्यालय डौडी में ही बैठने हेतु ज्ञापन दिये थे इस पर भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है स्थानीय जनप्रतिनिधि ने शासन प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही डौंडि में अनुभाग का पूर्ण सेट अप कर अधिकारी क्षेत्र के लोगों के लिए डौंडी मुख्यालय से ही कार्य का संपादन करे अन्यथा जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

---

## सुरेंद्र दुबे के निधन पर छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति बालोद ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**गुण्डरदेही।** पद्मश्री अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र दुबे के असायमिक निधन पर छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बालोंद के द्वारा श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। उनके विराट व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए समिति के अध्यक्ष केशवराम साहू ने जन मानस पर साहित्य के साथ हंसी की छाप छोड़ जाने वाले मुर्धन्य कवि के रूप में याद किया। श्रद्धांजलि प्रकट करने वालों में राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक अर्जुन सिंह तारम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, शिक्षाविद महेश चंद्राकर, अर्जुन सिंह मंडावी, हरबंस मिश्र, बृजेश सोनी, सुरेश सोनी, राजेश सोनी उपस्थित थे।

## स्कूल के बच्चों को कराया गया न्योता भोज



**अंडा।** ग्राम पंचायत ओडारसकरी में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर प्राथमिक मिडिल हाई स्कूल के बच्चों को सरपंच अनिल सोनी के द्वारा न्योता भोज कराया गया, जिसमें शिक्षक शिक्छिकाएं तीनों संस्था के अध्यक्ष सदस्य गण पंचायत के पंचगण ग्राम के वरिष्ठ गण उपस्थित रहे इस अवसर अनिल सोनी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच ने सभी बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में अच्छे से ध्यान देने कहां और पढ़ लिखकर अपने शाला और गांव का नाम रोशन करें। सरकार को शिक्षा में ध्यान देना चाहिए ताकि बच्चों का भविष्य बने।

---

# संस्कृत संभाषण शिविर में मां-बेटे की भागीदारी बनी प्रेरणा, संस्कार और संस्कृति को दी नई दिशा

### अंग्रेजी की दौड़ में संस्कृत को दिया महत्व, मां बसंती बनीं संस्कृत प्रेम की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



अंग्रेजी में भविष्य तलाशने की तेज दौड़ इन दिनों चल पड़ी है, अंग्रेज तो देश से चले गए लेकिन शिक्षा में अंग्रेजी का ऐसा बीजारोपण किए कि आज अंग्रेजी बोलने वाला तथाकथित बड़ा ज्ञानि समझा जाने लगा है।

इस भ्रम को दूर करते हुए जामगांव आर में एक मां बसंती अपने बच्चे फ़निश को संस्कृत संभाषण की 10 दिवसीय जामगांव आर शिविर में दाखिला कराई और स्वयं 10 दिनों तक बच्चे के साथ बैठकर संस्कृत संभाषण का भरपूर आनंद लिया। मां बसंती ने कहा कि बच्चा सब भाषा का ज्ञान अर्जित करे लेकिन संस्कृत सर्वोपरि हो क्योंकि संस्कृत संस्कारमय जीना सिखाती है भारतीय संस्कृति के सारे धर्म ग्रंथों को तहेदिल से समझाने में सक्षम है।

**बेटे के साथ मां का शिविर में** बच्चा संस्कारित हो जाए तो माता पिता का जीवन खुशनुमा होगा। संस्कार के गिरते स्तर की इस बेला में समाज घर परिवार देश से प्रेम करने के लिए सभी माता पिता संस्कृत से प्रेम करना बच्चे को सिखा दे बच्चा माता पिता से प्यार करना सीख जाएगा। संस्कृत जीवन दर्शन है।

**आना सकारात्मक संदेश:** 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर जामगांव आर के सफल आयोजन कर्ता संस्कृत आचार्य नरेंद्र ने बताया कि जब शिविर में बच्चे के साथ मां भी बैठने लगी तो हमारी आंतरिक खुशियों का ठिकाना नहीं रहा और लगा संस्कार के गिरते स्तर को संभालने में ऐसे मां की आज जरूरत है। बच्चे के साथ मां को देखकर लगने लगा शिविर निश्चित तौर पर सफल रहेगा। जो सफल रहा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी प्रेम की इस दौड़ में संस्कृत संभाषण शिविर की सफलता सकारात्मक संदेश है।

### शिविर में मां बेटे का हुआ विशेष सम्मान

शिविर के समापन शिविर में मां चंद्रकला की सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए अतिथियों ने मां बसंती एवं बेटे फ़नीश का सम्मान किए। मां के इस संस्कृत प्रेम की सेजस बेलहारी प्राचार्य वाई के साहू सेजस जामगांव आर प्राचार्य चेतना ठाकुर, संस्कृत आचार्य नरेंद्र, संस्कृत व्याख्याता खिलेश साहू, चंद्रकला साहू, भारती सोनबेर, टामेश्वरी साहू, मोगरा यादव, नेहा यादव ने मां बसंती की इस उन्नत सोच की कंठमुक्त सराहना किए।

---

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत डोकला में लगा लाभ संतृप्ति शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- आदिवासी हितग्राहियों को मिला आयुष्मान कार्ड और किसान सम्मान निधि का लाभ
- जिला प्रशासन की सक्रियता से आदिवासी विकास की दिशा में बड़ा कदम



केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डोकला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभन्वित किया गया।

इसके अंतर्गत आज डोकला शिविर में उपस्थित 8 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 2 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित करने के अलावा 5 ग्रामीणों का सिकलिन जाँच सहित शिविर में पहुँचे ग्रामीणों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

आज डोकला में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में शामिल होने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही पहुँचे थे। शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को अपने-अपने विभाग के योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए इन योजनाओं के लाभ लेने के प्रक्रियाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्राम डोकला में आयोजित शिविर में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने पर हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साही नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार बुधवार 2 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारडीह में शिविर का आयोजन किया गया है।

---

# नगर पंचायत अर्जुन्दा में वर्षों बाद जाम नालियों की सुध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

नगर पंचायत अर्जुन्दा मे वर्षो से जाम पानी निकासी नालियो की नगर पंचायत ने सुध ली है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रणेश जैन स्वयं इस कार्य की निगरानी कर रहे है। सफाई के साथ नाली पुनः जाम न हो इसकी भी व्यवस्था की जा रही है।

नगर पंचायत अर्जुन्दा द्वारा वर्तमान मे लोकरंग परिवार के सामने स्थित नाली की सफाई की जा रही है। 700 मीटर लंबी नाली मे 20 ट्रैक्टर मलबा निकल चुका है। नाली से मलबा निकालने का काम लगातार चल रहा है। यह नाली वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 11 के पानी की निकासी का प्रमुख माध्यम था। वर्शो पूर्व वार्डवासियो की समस्या को देखते हुए लोकरंग परिवार द्वारा अपनी निजी भूमि मे नाली निर्माण की अनुमति दी थी, लेकिन लेकिन नाली बनने के बाद कभी इसकी सफाई नही की गई। जिससे वह पट गई। बताते है नाली मे मलबा नाली के उपर तक भर गया था, जिससे नाली ही लापता हो गई थी, जिससे वार्ड 8, 9, 10, 11 के पानी की निकासी नही होती थी एवं पानी किसानो के खेतो मे एवं बरसात मे लोकरंग परिवार परिसर मे भरता था। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रणेश जैन ने नाली की सफाई कार्य प्रारंभ कराया है। नाली की सफाई के बाद उसे स्लैब से ढका जा रहा है एवं उन रास्तो को बंद किया जा रहा है जहां से मलबा नाली मे आने की संभावना रहती है। नगर पंचायत अर्जुन्दा का पद संभालने के बाद से अध्यक्ष प्रणेश जैन ने नगर की बिजली पानी, सफाई को प्राथमिकता से लेकर कार्य प्रारंभ किया हैं।

### नगर में पानी, बिजली नाली पर फोकस

गर्मी के दिनो मे पानी की समस्या को देखते हुए प्रणेश जैन ने डुडिया नाला के बोर से पानी की व्यवस्था की। बता दे कि नगर पंचायत द्वारा वर्शो पूर्व डुडिया नाला मे बोर खनन कराया था। उसमे पानी भी था, लेकिन नाला से अर्जुन्दा नगर पंचायत द्वारा वर्षों से कभी ध्यान नहीं दिया था, इस पर भी प्रणेश जैन ने कार्य प्रारंभ कर नगर की पेयजल समस्या का समाधान किया था। प्रणेश जैन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा नगर में पहले से जो है पहले से मजबूत है, सुंदर एवं जनता के हित मे उपयोगी बनाने उसे संवारना मेरी प्राथमिकता है। नगर वासियों को बारहमासी साफ पानी वं साफ नाली की सुविधा देना प्राथमिकता है। नगर में पानी, बिजली, नाली पर फोकस है।

---

# कुसुमकसा में जल जीवन मिशन योजना का पाइप-लाइन कार्य अधूरा, सड़क खराब होने से ग्रामीण परेशान

- पाइप लाइन बिछाने का कार्य 26 माह बाद भी पूरा नहीं



**कुसुमकसा।** कुसुमकसा ग्राम में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति पाइप लाइन बिछाने का कार्य 26 माह बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। इससे ग्रामवासियों को अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

इसके साथ ही पाइप लाइन बिछाने के लिए ग्राम में बनी सीसी रोड व डामरीकृत सड़क को बीच से काटकर खुदाई किए जाने से सड़क की हालत काफी खराब हो गई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क व गौरव पथ की खुदाई के लिए विभाग से अनुमति ली गई है या नहीं, यह अभी जांच का विषय बना हुआ है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता ने कहा है कि सड़क में खुदाई के लिए अनुमति लेना आवश्यक है और बिना अनुमति कार्यवाही की जाती है। कुसुमकसा में अनुमति ली गई है या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए विभाग से जानकारी मांगी गई है, लेकिन रिपोर्ट लिखे जाने तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला।

अधूरा पाइप लाइन कार्य ग्रामीणों के लिए समस्या जल जीवन मिशन के तहत कुसुमकसा में पाइप लाइन बिछाने का कार्य 26 माह के बाद भी पूरा नहीं हुआ है। इस कारण ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और जल समस्या बनी हुई है। सड़क खराबी से आवागमन बाधित पाइप लाइन बिछाने के लिए सीसी रोड और डामरीकृत सड़क में खुदाई किए जाने से सड़क की स्थिति खराब हो गई है। सड़क में गड्ढे होने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। विभाग से अनुमति लेकर कार्य हुआ है या नहीं, यह जांच का विषय है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



### अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर रेड क्रॉस द्वारा डॉक्टरों का सम्मान

**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के उपलक्ष में रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद जिला चेयरमैन डॉ. प्रदीप जैन से वाइस चेयरमैन कमला वर्मा ने भेट कर उन्हे पौधे प्रदान किया। वाइस चेयरमैन कमला वर्मा ने कहा कि धरती में भगवान के बाद यदि हम किसी पर विश्वास करते हैं तो वह है डॉक्टर। विकट परिस्थितियों में डाक्टर अपनी जान की परवाह किये बैगर लोगों की सेवा करते हैं। चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में सभी ब्लाक में ब्लाक प्रभारियों द्वारा चिकित्सा दिवस मनाया गया।

### गुरुपूर्णिमा पर 9 व 10 को विविध धार्मिक आयोजन

**बालोद।** गायत्री शक्तिपीठ बालोद द्वारा गुरूपूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन 9 एवं 10 जुलाई को किया जा रहा है। जिसमे 9 जुलाई को प्रातः 5 बजे दीप प्रज्वलित रात्रि 9 बजे तक गायत्री मंत्र जाप किया जाएगा, 10 जुलाई को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक महायज्ञ एवं पुर्णाहूति व दोपहर 12 बजे से विचारगोष्ठी एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पुंसवन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया जाएगा।

### सामान्य सभा 9 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर दंपती से ठगी

**भिलाई।** जॉब ऑफर का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। साइबर पुलिस ने बताया कि मैत्री नगर रिसाली स्वराज व पत्नी प्रिया बेनर्जी के पास 25 जून को टेलीग्राम आईडी पर विधि शर्मा के आईडी से पार्ट टाइम जाब का मैसेज आया। मैसेज में यूट्यूब का लिंक भेजने, वीडियो देखकर लाइक, कमेंट कर स्क्रीन शॉट लेकर अन्य टेलीग्राम आईडी जेमिनी रिसेप्शन-2 में भेजने का काम बताया गया। ऐसा करने पर विधि शर्मा आईडी से सैलरी कोड एजी 4506 दिया गया। उक्त सैलरी कोड को बेनर्जी दम्पत्ति ने जेमिनी रिसेप्शन-2 आईडी में भेजे। उसके बाद जेमिनी रिसेप्शन-2 आईडी में पीड़ित को समझाया गया और युपीआई आईडी में 150 रुपए मिल गए। इस तरह भरोसे में लेकर पूरे 32 टास्क पूरे करने दिया गया। एक टेलीग्राम आईडी में एक लिंक भेजा गया। उस लिंक में जाकर विडियो को लाइक, कमेंट करके स्क्रीन शाट लेकर भेजा गया। स्वराज बेनर्जी के मुताबिक आईडी में कुल 6 टास्क पूरे किए गए। इसके लिए 1010 रुपए लगाने कहा गया।

**आयोजन**

## स्वामी आत्मानंद स्कूल बालोद में शाला प्रवेश उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

### कार्यक्रम में 27 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी थी। अध्यक्षता शाला विकास समिति राकेश बाफना ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना पूजा अर्चना से किया गया। कक्षा छठवीं एवं नवमी के नव प्रवेशी छात्र–छात्रओं का अभिनंदन कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य लालचंद लुनिवाल, टिकेश साहू पुष्पा साहू, हेमलता ईश्दा ने शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। 27 छात्रओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्रओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शाला प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि स्कूल का अनुशासन एवं उपलब्धियां



छात्रें के जीवन में सपने गढ़ती हैं, जिन्हें सही अवसर एवं मार्गदर्शन देकर भविष्य में साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिभा चौधरी ने कहा की शासन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संसाधन की सुविधा सरस्वती साइकिल योजना के रूप में उपलब्ध कराई गई है। जिससे छात्रओं में पढ़ने के प्रति रुचि एवं विश्वास की भावना जागृत होगी तथा उन्हें अपने करियर को संवारने के लिए पंखों में उड़ान भरने का हौसला देगी।

प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रओं कक्षा दसवीं से मेरिट छात्र योगांत देशमुख, माधुरी साहू, रोहन धनकर, तेजस्वी ठाकुर कक्षा ग्यारहवीं से डाली साहू, कक्षा नवमी से लीना साहू, लक्ष्य, ताम्रध्वज कक्षा आठवीं से दुर्गेश नंदिनी, अक्षिता तिवारी, लक्ष्य चंद्राकर, तुषार गांवरे को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिन्ह लेकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रुक्मणी ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन सुषमा तिवारी ने किया। स्टाफ के शिक्षकों पुष्पांजलि पांडे, हर्षा ठक्कर, अर्चना साहू, शैलेंद्री साहू, हेमू साहू, चेतन यादव, जयंत देवांगन ने नवप्रवेशी छात्र–छात्रओं का अभिनंदन किया।



### बेलोदा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**डौंडी।** आदिवासी ब्लॉक के पंचायत बेलोदा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव बेलोदा हायर सेकेंडरी स्कूल मे नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलदस्ता भेंट कर तिलक लगाकर खीर पुड़ी एवं मिठाई से मुंह मीठा कर उनका उत्साह वर्धन एवं मनोबल बढ़ाया गया, यूनिफॉर्म एवं पाठ्यपुस्तक भी भेंट किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि भोलाराम नेताम ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव से नये छात्रों के लिए शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है शिक्षा के प्रति उत्साह वर्धन में भी मदत करता है। छात्रों को स्कूल सहज महसूस हो शिक्षा के प्रति छात्र छात्राओं में माहौल सकारात्मक हो इस पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में समय शाला विकास समिति के अध्यक्ष ठाकुर राम मंडावी ,गंगाराम राम साहू,सुकाल सिंह गावड़े, फिरतू कुंजाम, जालम सिंह गावड़े एवं प्राचार्य सोनवानी सहित स्कूल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव



**डौंडीलोहारा।** बाल संस्कार शिक्षण समिति संबलपुर द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 1 जुलाई दिन मंगलवार को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, मुख्य अतिथि श्रीमती टिकेश्वरी साहू सदस्य जनपद पंचायत डौंडीलोहारा, अध्यक्षता जीएस उर्वशा अध्यक्ष बाल संस्कार शिक्षण समिति संबलपुर, अभय राम साहू सचिव, प्रकाश जैन कोषाध्यक्ष एवं पालकों आचार्य दीदी उपस्थिति रहे। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती व भारतमाता की पूजा वंदन कर अतिथि स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा उद्बोधन पश्चात कक्षा अरूण से अष्टम तक नवप्रवेशीत भैया/बहनों का मस्तक अभिषेक कर मुंह मीठा करा कर स्वागत अभिनंदन किया गया, अतिथियों द्वारा उदबोधन में संस्कार मय शारीरिक बौद्धिक शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। मंच संचालन प्रधानाचार्य होमलाल पटेल द्वारा किया गया इस अवसर पर समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे ।

## पुस्तक व गणवेश बांट कर मनाया शाला प्रवेशोत्सव





**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेरथा बाजार में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था।

जिसमें बालक बालिकाओं को गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभा नायक, अध्यक्षता प्राचार्य मानकर कर, विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद पंचायत सदस्य, उत्तम यदु, दुलारी देवांगन, सरपंच मनोहर भुआर्य, उपसरपंच मोहसिन खान, शाला विकास समिति दीनदयाल डड़सेना, हरीश कटझरे, सरपंच हीना साहू, ओमप्रकाश सोनबरसा,ऊषा प्रजापति,शिक्षक शिक्षिका व पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वनांचल पुनारकसा में सरस्वती शिक्षा केंद्र का हुआ शुभारंभ



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम पुनारकसा में वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के तत्वाधान में सोमवार को शाम 5 बजे मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सरस्वती शिक्षा केंद्र का उद्घाटन संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में पुराणिक लाल ग्राम पटेल, कार्तिक राम वार्ड पंच, सुखेंद्र कुमार, तोरण लाल, बृजलाल, पूषण लाल, जीवन लाल तथा अमीर दास कृषाणे संकुल समन्वय तुलेश कुमार आचार्य, हर्षिका साहू आचार्य एवं 25 छात्र छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भानपुरी में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया



**गुरूर।** ग्राम पंचायत भानपुरी के हाईस्कूल में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया गया। सरपंच डागेश कुमार साहू ने सभी बच्चों को नशा से दूर रहने की हिदायत दी और कहा कि नशा नाश की जड है। नशा से कई परिवार आज बर्बाद हो चुके है, प्राचार्य नंदकुमार मंडावी ने कहा कि नशा दीमक की तरह है, नशा करने से शरीर धीरे धीरे कमजोर होने लगता है, इसलिए नशा का सेवन ना करे। कार्यक्रम के पश्चात एक पेड मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चे शामिल थे।

## शीतला मंदिर में भव्य माता जुड़वास एवं जस सेवा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

माता जुड़वास एवं जस सेवा का आयोजन शीतला मंदिर गुण्डरदेही में किया गया।

जिसमें माता सेवा राजा पार्टी धर्मा सोनकर, जय मां चंडी जगराता मंडली पूनम सिन्हा, सरस्वती सेवा भजन मंडली परसुली, स्वर संगम जगराता परिवार पलारी, नव किरण जस मंडली देवांगन पारा, शारदा सेवा भजन मंडली गुण्डरदेही, बगदाई सेवा भजन मंडली चंदनबिरही, शीतल महिला सेवा भजन मंडली खर्रा, भवानी सेवा भजन मंडली बघमारा की भक्ति में



प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर ग्राम के वयो वृद्ध समाजसेवी बालमुकुंद सोनी का सम्मान किया गया। जिसमें शीतला समिति के अध्यक्ष सियाराम सोनकर, उपाध्यक्ष सरवन सोनकर, कोषाध्यक्ष कोमल सोनकर, सचिव बसंत कुमार सोनकर, कवि केशव राम साहू, जनक पटेल, हेमंत दास मानिकपुरी, मोहन निषाद, छगन सोनकर, खोरबहरा सोनकर उपस्थित थे।

### पानी निकासी व्यवस्था ठप



**डोंडी।** तहसील कार्यालय डोंडी के सामने बरसाती पानी भरने की वजह से कीचड़ हो गया है जिसके कारण यहां पर आने जाने वाले किसानों को पिछले 15 दिनों से परेशानी हो रही है अधिक पानी गिरने पर यह प्रांगण तालाब का रूप धारण कर लेती है। लोगों ने बताया गया कि पानी निकासी के रास्ते में एसडीएम कार्यालय का निर्माण हो गया है इसलिए अब पानी निकासी की जगह नहीं होने से तहसील कार्यालय के प्रांगण में पानी भरा जा रहा है और यह कीचड़ जैसे हो जाता है। जिसके कारण यहां से होकर गुजरने वाले किसानों के साथ-साथ ऑफिस के अधिकारी कर्मचारी को भी परेशानी होती है स्थाई व्यवस्था नहीं बनने से बारिश भर लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ेगा।

## गुरेदा में हुआ 'आओं गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' कार्यक्रम

**अंडा।** ग्राम गुरेदा में आओं गढे संस्कारवान पीढी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के श्रीमती मीनाक्षी दीदी द्वारा प्रोजेक्टर फिल्म के द्वारा बहूत ही सुदंर जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया एवं सभी गर्भवती महिलाओं को वृक्ष वितरण किया गया सबने संकल्प लिया अपने संतान की तरह हम वृक्ष का पालन पोषण करेगें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चन्द्राकर,ग्राम पंचायत सरपंच गुरेदा महेन्द्रं साहू, हेमंत साहू पूर्व जनपद सदस्य, कमलेश पाण्डेय, दुष्यंत कुमार, सरपंच परसदा सत्यवती साहू, हेमलता साहू सिस्टर, वैष्णवी साहू, मितानीन सेवती, पार्वती, देवकी, महेश्वरी, प्रभा, प्रतिमा, चमेली, सरोजनी एवं समस्त मितानिन का विशेष सहयोग रहा ।



### गुरेदा उपस्वास्थ्य केंद्र में गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित



**गुण्डरदेही।** ग्राम गुरेदा उपस्वास्थ केंद्र में आस पास के गांवों के गर्भवती महिलाए, किशोरी बालिकाओं का गर्भ संस्कार कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच गुरेदा महेंद्र साहू, कमलेश पांडे, मीनाक्षी साहू, नर्स हेमलता साहू, बबलू देवांगन, डिलेंद्र साहू एवं आस पास के सभी मितानिन बहनें और समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### ब्रम्ह भट्ट ब्राह्मण संघ की बैठक में सामाजिक भवन पर हुई चर्चा

**भिलाई।** श्री ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी और भिलाई-दुर्ग की मासिक बैठक राकेश भट्ट के निवास स्मृति नगर में रखी गई थी। जिसमें समाज के पंजीयन करने के लिए विष्णु शर्मा का आभार प्रकट किया गया और समाज के भवन और जमीन के बारे में भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष राकेश भट्ट, आभा भट्ट, विष्णु शर्मा, संजय ब्रह्म भट्ट दुर्ग और दुर्ग-भिलाई जिला अध्यक्ष मनु शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**100 से अधिक समूहों के उत्पाद अब जनपद कार्यालय के सामने स्थाई स्टाल पर होंगे उपलब्ध**

## ग्रामीण आजीविका मिशन समूहों को मिला स्थाई स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

विकासखण्ड मे ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उत्पाद तैयार करने वाली स्व. सहायता समूह को अब अपना उत्पाद विक्रय की समस्या नही रहेगी। जनपद प्रशासन द्वारा जनपद कार्यालय के सामने स्थाई स्टाल प्रदान किया गया है जहां तहसील के सभी समूहो का उत्पद बेचा जाएगा।

विकासखण्ड मे वर्तमान मे 100 से अधिक समूहो द्वारा विभिन्न उत्पाद तैयार किया जा रहा है। उन्हे अपने उत्पाद के विक्रय मे परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए जनपद प्रशासन ने इसका स्थायी हल निकाला है, स्टाल एक समूह के द्वारा संचालित होगा जिसमे समूह अपने उत्पाद बेचेगे, वे समूह जो स्टॉल



मे अपने उत्पाद नही रख पाएंगे वे समूह चाहे तो स्टाल मे अपने समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की सूची व दर स्टाल मे प्रदर्शित कर सकती है, इससे इच्छुक ग्राहक संबंधित समूह से सीधे सामग्री क्रय कर सकता है। स्टाल में उपलब्ध प्रमुख उत्पाद स्टाल पर करियाटोला के स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार करौदा का आचार, मिक्स आचार, सूखा मशरूम पावडर, सूखा मशरूम, कंवर के दुर्गा समूह का नीबू आचार व पापड़, धन लक्ष्मी समूह की आगरबत्ती, कनेरी के दुर्गा महिला समूह के विभिन्न प्रकार के बड़े, जय भवानी समूह द्वारा तैयार चना मुर्रा एवं मिक्चर सहित अन्य उत्पाद रखे गए हैं।

बाजार संभावनाएं और प्रशासन की पहल यह स्टाल राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के किनारे स्थित होने के कारण समूहों के उत्पादों को अच्छा बाजार मिलने की उम्मीद है। जनपद पंचायत के सीईओ उमेश रात्रे ने बताया कि यह स्टाल स्थायी रूप से संचालित होगा और समूह अपनी सुविधा अनुसार इसे नियमित रूप से लगा सकते हैं। इससे समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा और अन्य समूह भी इससे प्रेरित होंगे।

